श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : मान्यवर उपसभापति जी, सबसे पहले तो मैं इस बिल का समर्थन करता हूं कि डार्लोंग कम्युनिटी को आपने आदिवासी कम्युनिटी में शामिल करने का फैसला लिया। लेकिन इसके साथ-साथ अभी पिछले दिनों जंतर-मंतर पर त्रिपुरा के तमाम आदिवासियों ने आन्दोलन किया था। प्रद्युत्त जी उनके एक नेता हैं, उन्होंने आन्दोलन किया था। त्रिपुरा के अंदर आदिवासियों के लिए भारतीय जनता पार्टी की वहां की सरकार ने सांस्कृतिक, राजनैतिक और सामाजिक अधिकारों की रक्षा का जो वायदा किया था, पहाड़ों में रहने वाले आदिवासियों के लिए जो वायदा किया था, उस वादाखिलाफी के खिलाफ वह आन्दोलन हुआ था। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से यह भी अनुरोध करूंगा कि उनके मुद्दों पर आप गम्भीरतापूर्वक विचार करके, राज्य सरकार से संवाद करके उनका समाधान कराने की कोशिश करें।

मान्यवर, मैं दूसरा विषय कहकर अपनी बात को खत्म करूंगा। सहरिया कम्युनिटी ललितपुर में उत्तर प्रदेश के अंदर है। 2006 में जब वन अधिकार अधिनियम हिन्दुस्तान के अंदर आया, उसके बाद उन कम्युनिटीज़ के लिए कहा गया कि ये लोग जहां पर रहते हैं, उन्हें उनकी जमीन पर पट्टे का अधिकार दिया जाएगा। 2006 से लेकर आज तक उन्हें ब्लॉक से क्लियरेंस मिल गयी, तहसील से क्लियरेंस मिल गयी, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन उनकी सारी बातें मानता है, बावजूद इसके आज तक उस सहरिया कम्युनिटी को ललितपुर के इलाके में पट्टा नहीं मिल पाया, उन्हें जमीन नहीं मिल पाई। वहां की राज्य सरकार से बातचीत करके इसकी ओर भी माननीय मंत्री जी को ध्यान देना चाहिए। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि आप कानून बनाइये, दूसरी जातियों को, जो ट्राइबल्स में आना चाहते हैं, उन्हें अधिकार भी दीजिए, लेकिन इसके साथ-साथ उनकी पीड़ा को कैसे दूर कर सकते हैं, उस पर भी गम्भीरता से काम कीजिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापति : धन्यवाद, संजय जी। माननीय अशोक सिद्धार्थ जी। **...(व्यवधान)...** प्लीज़, आप लोग आपस में बात न करें।

श्री अशोक सिद्धार्थ (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, हम सभी जानते हैं कि भारतीय संविधान के निर्माता, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने SC/ST के लोगों के लिए भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था -- चाहे वह सरकारी नौकरियों में हो या शिक्षा में हो या

फिर विधायिका में हो -- इस नीयत से देने का काम किया था कि इससे उनका सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास होगा, लेकिन आजादी के 73 साल बीत जाने के बाद भी भारत सरकार में सरकारी नौकरियों में जो 15 परसेंट SC का रिजर्वेशन है और 7.5 परसेंट ST का रिजर्वेशन है, आज तक सरकार ने केन्द्र सरकार में उनको 50 परसेंट से भी कम हिस्सेदारी देने का काम किया है। OBC से SC में convert करने या SC से ST में convert करने का काम निश्चित रूप से ठीक है, मैं इसका समर्थन करता हूँ और मैं इस बिल का भी समर्थन करता हूँ, लेकिन आबादी में जितनी संख्या में उनको OBC से SC में convert किया जाए या SC से ST में convert किया जाए, आरक्षण की व्यवस्था में उनकी उतनी हिस्सेदारी भी बढ़ाई जानी चाहिए। यह सरकार से हमारी पार्टी की एक माँग है।

महोदय, हमारी दूसरी माँग यह है कि अभी तक SC/ST का रिजर्वेशन पूर्ण नहीं हुआ है। जब 2007 से 2012 के बीच हमारी पार्टी की मुखिया, आदरणीया बहन जी की उत्तर प्रदेश में सरकार थी, तो उन्होंने प्राइवेट सेक्टर में 30 परसेंट रिजर्वेशन देने का काम किया था। उन्होंने सरकारी contract में रिजर्वेशन देने का काम किया था। उन्होंने सरकारी contract में भी 30 परसेंट रिजर्वेशन देने का काम किया था। साथ ही साथ उन्होंने SC/ST के लोगों के लिए शहरों में 'मान्यवर श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना' के अंतर्गत दो कमरे का पक्का मकान देने का काम किया था और गाँवों में 'महामाया आवास योजना' के नाम से यह काम करने का काम किया था। मेरा इस सरकार से एक अनुरोध है। चाहे OBC की जो demand है कि OBC को SC में convert करने का काम किया जाए या फिर SC से ST में convert करने का काम किया जाए, चाहे वह केन्द्र सरकार में हो या राज्यों में हो, आबादी के हिसाब से जो conversion किया जा रहा है, जो change करने का काम किया जा रहा है, मेरा सरकार से यह निवेदन है कि वह इसको change करते समय, उनकी स्थिति को बदलने के समय खास तौर से ठीक नीयत से काम करे। अगर ठीक नीयत से नीतियाँ बनाई जाएँगी, तो निश्चित रूप से समाज का भला होगा। मैं यह निवेदन करना चाहूँगा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में backlog के माध्यम से 2007 से 2012 के बीच लाखों लोगों को सरकारी नौकरियाँ देने का काम किया गया था, यहाँ तक कि सफाईकर्मियों के नाम पर 1,08,000 से ज्यादा भर्ती करने का काम किया गया था, मैं यह चाहता हूँ कि यह सरकार केन्द्र सरकार में भी backlog के माध्यम से SC/ST/OBC का quota भरने का काम करे और जो तमाम concerned States हैं, जहाँ पर SC/ST का quota अभी पूर्ण नहीं है, वे उस quota को पूर्ण करने का काम करें।

इन्हीं बातों के साथ, मैं माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करता हूँ कि वे अपने जवाब में इस बात का जवाब दें कि क्या वे इस सदन में इस quota को पूर्ण करने का आश्वासन देंगी? इसके साथ ही, मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ। जय भीम, जय भारत!

श्री उपसभापति : धन्यवाद, अशोक जी। आपकी बातें महत्वपूर्ण हैं, पर यह बिल त्रिपुरा के बारे में है। माननीय श्री राम विचार नेताम।

श्री राम विचार नेताम (छत्तीसगढ़): धन्यवाद, महोदय। धन्यवाद एक तो इसलिए कि हो सकता है कि इसके बाद मुझे बोलने का अवसर ही न मिले! इसलिए आपकी कृपादृष्टि बनी रहे, क्योंकि

एक तरह से मैं एक अंतिम वक्ता के रूप में बोल रहा हूँ और मैं इसे इस सदन में अपने कार्यकाल का अंतिम भाषण मान कर चल रहा हूँ।

श्री उपसभापति : नेताम जी, maiden speech का तो प्रावधान है, आपका अंतिम भाषण भी हम लोगों ने सुना है। आप विषय पर बोलिए।

श्री राम विचार नेताम : महोदय, मेरी maiden speech तो हुई, लेकिन इसको farewell speech मान लिया जाए।

श्री उपसभापति : प्लीज़, आप विषय पर बोलिए।

श्री राम विचार नेताम : महोदय, मैं अभी बड़े गौर से हमारे बाकी माननीय सदस्यों की बातों को सुन रहा था। यह बिल त्रिपुरा पर केन्द्रित है। हमारी सरकार ने गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, उनके दुख-दर्द की चिंता करते हुए, उनकी सामाजिक स्थिति कैसे मजबूत हो, बहुत सारे tribal areas की जो स्थिति है, उसमें कैसे सुधार हो, इन सब विषयों पर काम किया है। साथ-साथ ये सब काम तो हो रहे हैं, लेकिन बहुत सारी ऐसी जातियाँ हैं, जो देश की आजादी के इतने सालों बाद तक, पूरे समय यह माँग करती रहीं। न जाने कितने सालों तक राज करने वाले उधर बैठे हुए लोगों को ज़रा भी चिंता नहीं थी कि त्रिपुरा में भी कुछ ऐसी जातियाँ हैं, अन्य राज्यों में भी कुछ ऐसी जातियाँ हैं, जिनको आदिवासियों की सूची में शामिल करना जरूरी है! अब अगर ये जातियां आज तक SC/STs की सूची में शामिल नहीं हुईं, तो क्या उसके लिए हम जिम्मेवार हैं? अभी आप बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, मैं सुन रहा था, बंगाल के हमारे कुछ मित्र बोल रहे थे, अन्य राज्यों के मित्रगण भी बोल रहे थे। मैं तो ऐसा मानता हूं, हमारे गांव में ऐसा बोलते हैं, 'सूप बोले तो बोले, छलनी भी बोलने लगी', जिसमें इतने सारे छेद हैं। क्या * को हम भूल सकते हैं कि * में किस तरह से हमारे आदिवासियों और अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों के साथ बर्बरता हो रही है? वहां इस प्रकार से अन्याय और अत्याचार की पराकाष्ठा हो रही है, जिसे देख कर शर्म आ जाए। देश की आज़ादी में आज...**(व्यवधान)**...

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY (West Bengal): Sir, I have a point of order.

श्री उपसभापति : एक मिनट, नेताम जी, इनका प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Sir, I have a point of order. MR. CHAIRMAN said that nobody should utter the name of any State. No State should be mentioned. In spite of the direction of the Chair, the hon. Member is making allegations against the State.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will examine it. ...*(Interruptions)*... Please, please...*(Interruptions)*...

श्री राम विचार नेताम : महोदय, मैं बिल पर ही बात कर रहा हूं। शुरुआत इन्होंने की है, तो मुझे उनका जवाब तो देना ही पड़ेगा।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : यह बिल त्रिपुरा पर है, तो आप त्रिपुरा पर बोलें।

श्री राम विचार नेताम : मैं आपकी ओर ही देख कर बात कर रहा हूं। त्रिपुरा में जब से हमारी सरकार आई है, तब से वह वहां के गांव, गरीब, किसान, मज़दूर और नौजवान के लिए, वहां के डेवलपमेंट के लिए, वहां की संस्कृति को बचाने के लिए, वहां के लोगों को समृद्ध और सम्पन्न बनाने के लिए, वहां के लोगों की empowerment के लिए काम कर रही है। यह उसी की देन है कि जो वंचित लोग थे, उनको अनुसूचित जाति/जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए त्रिपुरा की हमारी सरकार ने प्रस्ताव भेजा और उसी प्रस्ताव के आधार पर हम उनके नाम इस सूची में शामिल कर रहे हैं।

महोदय, यही नहीं, हमारी सरकार ने पूरे देश में, खास तौर पर इस वर्ग के लोगों के लिए जिस प्रकार से काम करना शुरू किया है, उसको आप कैसे नकार सकते हैं? आप सच्चाई को कब तक नकारते रहेंगे? इस सच्चाई को नकारते-नकारते आपकी स्थिति अब ऐसी हो रही है कि लोक सभा में तो अभी तक आपका कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं बन पाया और अब लग रहा है कि यहां से भी आप जाने वाले हैं। आपकी यह स्थिति हो गई है, आप मानिए। सच्चाई को आप कब तक नकारते रहेंगे?

महोदय, हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आज 130 करोड़ लोगों के दिलों पर राज करते हैं, उनके हृदय में बैठे हुए हैं। गरीब, आदिवासी और दलित वर्ग के लोग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग आज एक तरह से उन्हें भगवान के रूप में देख रहे हैं। यही कारण है *...**(व्यवधान)**.....**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : कृपया आप बिल पर बोलिए। यह त्रिपुरा से संबंधित Constitution Amendment का बिल है।

श्री राम विचार नेताम : महोदय, मैं बिल पर ही बोल रहा हूं। मेरा यही निवेदन है कि हम लोगों ने इसी प्रकार से...**(व्यवधान)**... महोदय, इसको समझना पड़ेगा, सिर्फ आपके प्रस्ताव से या तमाम सभी राज्यों से प्रस्ताव आने पर ही उनके नाम SC/STs की सूची में शामिल नहीं हो सकते है। उसके लिए हमारी जो प्रक्रिया है, वह बहुत जटिल है और उस जटिल प्रक्रिया से ही हमें गुज़रना पड़ता है। पहले scientific तरीके से उसकी पूरी रिसर्च होती है, जांच होती है, तब जाकर RGI

---

* Expunged as ordered by the Chair.

जो रिपोर्ट देता है, उसको examine करने के बाद जो लिस्ट फाइनल होती है, उसी के आधार पर इस काम को किया जाता है।

महोदय, बाकी राज्यों में, चाहे मध्य प्रदेश की बात हो या छत्तीसगढ़ की बात हो, हमारे छत्तीसगढ़ में भी बहुत सारी ऐसी जातियां हैं, जिनमें हम मानते हैं कि थोड़ा-थोड़ा सा बिंदी का या उच्चारण का फर्क रहता है। अलग-अलग राज्यों में जातियों के नाम का उच्चारण अलग-अलग होता है, जैसे बंगला भाषा में कुछ जातियों के जो नाम होंगे, हमारे यहां, छत्तीसगढ़ में उसी जाति को दूसरी तरह से बोलेंगे, झारखंड में किसी और तरह से बोलेंगे। असली बात यह है कि जो प्रिंटिंग करने वाले लोग हैं, वे बहुत सारी चीज़ों की भाव-भंगिमा या भाषा को नहीं समझ पाते, लेकिन जब इन पर साइंटिफिक तरीके से रिसर्च होती है, उसके बाद जो रिपोर्ट आती है, उसी के आधार पर यह तय होता है।

महोदय, सिर्फ इस तरह से * देने से, जिस तरह से आप दे रहे हैं या जिस तरह से आप बात कर रहे हैं, * देते-देते आपकी क्या हालत हो गई है? आप हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी के बारे में तरह-तरह की बातें करते हैं। एक समय में तो आप बोले कि यह जो वैक्सीन आई, यह मोदी वैक्सीन है। बाद में धीरे-धीरे चुपचाप, सबसे पहले आपने ही वह वैक्सीन लगवाई। वैक्सीन तो हम लोगों ने लगवाई, हमारी सरकार वैक्सीन लाई।**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : माननीय नेताम जी, आप विषय पर बोलिये।

श्री राम विचार नेताम : इससे सिद्ध हुआ कि यही वैक्सीन जान बचा सकती है।

श्री उपसभापति : माननीय नेताम जी, आप विषय पर बोलिये।

श्री राम विचार नेताम : फिर आपने सबसे पहले लाइन लगाकर वैक्सीन लगवाई। महोदय, मैं छत्तीसगढ़ की बात कर रहा था। छत्तीसगढ़ में ..

श्री उपसभापति : यह त्रिपुरा से जुड़ा हुआ मामला है।**...(व्यवधान)...**

श्री राम विचार नेताम : महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं। ट्राइबल का जो कल्चर होता है, उसकी एक समझ होती है, उसकी एक भाषा होती है, उसकी एक संस्कृति है, लेकिन आज उस पर खतरा मंडराने लगा है। चाहे त्रिपुरा की बात हो या अन्य राज्यों की बात हो, मैं सरकार से, माननीय प्रधान मंत्री जी से और माननीय गृह मंत्री जी से अपनी पीड़ा को व्यक्त कर रहा हूं। आज हमारी जातियों और हमारे वर्ग के ऊपर खतरा बढ़ रहा है। एक तरफ धर्मांतरण करने का जो कुचक्र चल रहा है, यह समाज को तोड़ने, हमारी संस्कृति, हमारे आदिवासी कल्चर को समाप्त करने का कुचक्र चल रहा है। हमारी तमाम तरह की जो सुविधाएं होती थीं, हमारा रहन-सहन,

---

* Expunged as ordered by the Chair.

उठना-बैठना, खान-पान, भाषा-बोली आदि पर आज ग्रहण लगने लगा है। मैं समझता हूं कि हमारी सरकार इस ओर विशेष ध्यान देते हुए इन सब चीजों पर प्रतिबंध लगायेगी तथा जो डबल स्टैंडर्ड, डबल सुविधा लेने की बात कर रहे हैं, हमारे नाम से भी ले रहे हैं और दूसरे नाम से भी ले रहे हैं, इस पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए।

मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं, शायद मुझे इस सदन में फिर से बोलने का अवसर न मिले, परंतु मैं कहना चाहता हूं कि हमारे बहुत सारे आदिवासी समाज की बहन-बेटियों को दूसरे लोग बड़ी तादाद में रख रहे हैं और राजनीतिक दृष्टि, आर्थिक दृष्टि तथा अन्य दृष्टि से तमाम तरह का लाभ ले रहे हैं। इसके लिए भी कानून बनाकर इसे रोकने का काम होना चाहिए।

इसके साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो ट्राइबल्स होते हैं, वे आज जमीर और जमीन के लिए मरते हैं, इन्हें आज बचाने की जरूरत है। हमारा आदिवासी समाज, चाहे त्रिपुरा का हो, चाहे बंगाल का हो, चाहे अन्य राज्यों का हो, यह अपने इतिहास, अपनी संस्कृति और भूगोल के लिए जीता और मरता है, इसे हम कैसे संरक्षित रख सकें, कैसे बचा सकें, यह सोचने की जरूरत है। मैं खुद त्रिपुरा गया हूं, मोर्चा का काम करते हुए मैंने त्रिपुरा के सुदूर अंचल में दौरा करके वहां के आदिवासियों की पीड़ा को देखा है। वहां के जंगल, वहां के पहाड़, वहां की नदियां इतनी खूबसूरत हैं, लेकिन वहां की जो स्थिति है, इतनी खूबसूरती होते हुए भी आज यहां के लोगों ने जाकर वहां के लोगों का शोषण किया, उन सबको बेनकाब करते हुए उनके ऊपर भी कार्रवाई होनी चाहिए और उन सबको बेदखल करना चाहिए।

कुछ माननीय सदस्य बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, मैं यही कहना चाहता हूं कि यह सरकार कोई दूसरी सरकार नहीं है, यह सरकार माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार है, यह ऐसी-वैसी सरकार नहीं है। इसलिए मोदी है तो मुमकिन है, यह कोई ऐसी बात नहीं है, आप इधर-उधर की बात मत करिये, बताइये कि कारवां कैसे लूटा? आप बता सकते हैं। अंत में मैं यही कहना चाहता हूं -

'अब हवाएं ही करेंगी रोशनी का फैसला,
जिस दीये में जान होगी, वो दीया रह जाएगा।'

धन्यवाद।

श्री उपसभापति : अब माननीय मंत्री, श्रीमती रेणुका सिंह सरुता जी का जवाब।

श्रीमती रेणुका सिंह सरुता : माननीय उपसभापति महोदय, संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022 के द्वारा त्रिपुरा राज्य के डार्लोंग समुदाय को कुकी समुदाय की उपजाति के रूप में सूचित करने का प्रस्ताव है। देश के पूर्वोत्तर में स्थित त्रिपुरा राज्य में जनजातीय समुदाय की संख्या लगभग 11 लाख, 66 हज़ार है, जो 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य का 31. 76 प्रतिशत अनुमानित है। डार्लोंग समुदाय के इस सूची में शामिल होने के पश्चात् इसको भी जनजातीय समुदाय के रूप में एक पहचान मिलेगी। कुकी समुदाय देश के पूर्वोत्तर राज्य में एक प्रमुख जनजातीय समुदाय है। डार्लोंग समुदाय के इस सूची में शामिल होने के पश्चात् त्रिपुरा राज्य में कुकी समुदाय की 18वीं उप-जनजाति के रूप में इसका समावेश होगा। त्रिपुरा

राज्य में 19 प्रमुख जनजातियाँ हैं। महोदय, कुकी समुदाय की उप-जाति डार्लोंग को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने सम्बन्धी विधेयक पर आज राज्य सभा के कई अनुभवी माननीय सांसदों के सुझाव आये, विचार आये। मैं उनके सुझावों का, उनके विचारों का सम्मान करती हूँ।

माननीय उपसभापति महोदय, आदिवासी समाज, आदिवासी समाज की संस्कृति, उसकी परम्परा, उसकी समस्याएँ एक बहुत संवेदनशील मुद्दा है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए, उनकी भलाई के लिए, वे जिस क्षेत्र में रहते हैं, उन क्षेत्रों के विकास के लिए तथा उनकी संस्कृति और परम्पराओं की रक्षा के लिए 1999 में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अलग से एक मंत्रालय का निर्माण किया था। आज मैं इस सदन में दावे के साथ कह सकती हूँ कि जनजातीय कार्य मंत्रालय तथा आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए भारत सरकार के जो 41 मंत्रालय हैं, वे अपनी अनेक योजनाओं के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों के विकास और भलाई के काम कर रहे हैं।

महोदय, आज छत्तीसगढ़ से राज्य सभा की सदस्य, मेरी बहन श्रीमती फूलो देवी नेतम, श्री माणिक साहा, डा. सांतनु सेन, श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला, श्रीमती ममता मोहंता, श्री बी. लिंग्याह यादव, श्री अयोध्या रामी रेड्डी आला, डा. एम. थंबीदुरई, श्री विशम्भर प्रसाद निषाद, श्री संदोष कुमार, श्री संजय सिंह, श्री अशोक सिद्धार्थ तथा आदरणीय श्री राम विचार नेताम, जो कि स्वयं छत्तीसगढ़ से ही हैं, इन सभी ने अपने-अपने सुझावों को शामिल करते हुए इस विधेयक पर अपना समर्थन दिया है।

महोदय, फूलो देवी नेतम जी छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र से आती हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कई जातियों के बारे में, जिनको अनुसूचित जनजाति में शामिल करना है, उनके सम्बन्ध में यहाँ पर कहा है। मैं उनको आश्वस्त करती हूँ कि हमारी सरकार, हमारा मंत्रालय, माननीय प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में, उनके नेतृत्व में तथा माननीय अर्जुन मुंडा जी स्वयं छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा सहित भारत देश के जिन राज्यों से भी आदिवासियों की सूची में शामिल की जाने वाली जातियों के जो प्रस्ताव हैं, उन सब पर बहुत गम्भीर हैं। इसके लिए बार-बार हमारी बैठकें हो रही हैं तथा इसके जो प्रपोज़ल्स हैं, जो प्रस्ताव हैं, जो कि अधूरे हैं, उनके लिए हम राज्य सरकारों से लगातार बात कर रहे हैं।

महोदय, हमारी बहन फूलो देवी नेतम जी छत्तीसगढ़ के सम्बन्ध में कह रही थीं। मैं बहन फूलो देवी नेतम को यह कहना चाहती हूँ कि जब छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ, तब छत्तीसगढ़ की क्या दुर्दशा थी, क्या स्थिति थी, यह देशवासियों से छिपी नहीं है। जब 2003 में वहाँ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, तो 2003 से लेकर 2018 तक हमारी सरकार ने वहाँ पर छत्तीसगढ़वासियों के विकास के लिए बहुत काम किये और जो बस्तर क्षेत्र है, सरगुजा क्षेत्र है, वहाँ पर नक्सल उन्मूलन के लिए भी बहुत ईमानदारी के साथ प्रयास किया और काम किया।

श्रीमती छाया वर्मा (छत्तीसगढ़) : सर **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़। **...(व्यवधान)...** नहीं, नहीं। **...(व्यवधान)...** आप बिना इजाज़त के बोल रही हैं। **...(व्यवधान)...** आप बिना इजाज़त के बोल रही हैं।

श्रीमती रेणुका सिंह सरुता : महोदय, वहाँ पहले 16 जिले हुआ करते थे। हमने बस्तर क्षेत्र में पहले बीजापुर और नारायणपुर को जिला बनाया और इसके साथ 2011-12 में हमने एक साथ 9 जिलों का निर्माण किया। इसके साथ-साथ जहाँ से भी पब्लिक की डिमांड आयी, हमने एक साथ 49-49 तहसीलों का निर्माण किया। पहले छत्तीसगढ़ को कोई नहीं जानता था, लेकिन जिस प्रकार 15 सालों में वहाँ का विकास हमारी सरकार ने किया, आज छत्तीसगढ़ देश के नक्शे पर दिखाई देता है। वहाँ पर हरेक क्षेत्र में विकास हुआ। आज मैं जरूर कह सकती हूँ कि 3 सालों से वहाँ पर विकास ठप है। अभी एक छोटा सा bi-election वहाँ हो रहा है, विधान सभा का चुनाव हो रहा है। उस चुनाव में साल्हेवारा नाम से एक ट्राइबल क्षेत्र है।

3.00 P.M.

मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि एक छोटे से चुनाव को जीतने के लिए वहां के मुख्यमंत्री ने, आपकी पार्टी और आपकी सरकार ने जनता को एक प्रलोभन दिया है कि यदि आपने हमें खैरागढ़ का चुनाव जिता दिया, तो हम इसे 24 घंटे के अंदर जिला बना देंगे। **...(व्यवधान) ...**

श्रीमती छाया वर्मा : *

श्री उपसभापति : माननीय मंत्री जी का ही जवाब रिकॉर्ड में जा रहा है। छाया वर्मा जी, प्लीज़।... **(व्यवधान) ...**

श्रीमती रेणुका सिंह सरुता : महोदय, इन्होंने वर्ष 2018 में जिस तरह से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में यह कहा था कि यदि यहां हमारी सरकार बनी तो हम 10 दिनों के अंदर यहां के किसानों का कर्ज माफ करेंगे...**(व्यवधान) ...** उसी तरह से आपने छत्तीसगढ़ के एक छोटे से चुनाव में उसे जिला बनाने की घोषणा की है। हमारी बहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2023 में विधान सभा का चुनाव होने वाला है और त्रिपुरा में भी 2023 में ही चुनाव होने वाला है और आप उस चुनाव को ध्यान में रखकर वहां के लोगों का वोट लेने के लिए इस विधेयक को लाए हैं। इसकी एक बहुत लंबी प्रक्रिया होती है। हमने कल झारखंड के लिए प्रस्ताव पारित किया। झारखंड की वे जातियां, जिन्हें हमने कल अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया, वे जातियां देश की आजादी के बाद से इंतजार कर रही थीं कि कब सरकार उन्हें अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करेगी। इसी प्रकार से त्रिपुरा की डार्लोंग जनजाति भी इंतजार कर रही थी और यह ऐसी सरकार है, जिसमें जनता की सुनी जाती है और जनता की उम्मीदों को पूरा किया जाता है। आपने छत्तीसगढ़ की जनजातियों की जो चिन्ता की है, उसे बहुत जल्द हमारी सरकार विधेयक के रूप में लेकर आएगी। डा. सांतनु सेन जी ने अपने सुझाव के साथ आदिवासियों की शिक्षा और स्वास्थ्य के संबंध में अपनी चिंता जाहिर की है। मैं जरूर इस बात को कहूंगी कि भारत सरकार की बहुत सी ऐसी योजनाएं हैं, जिनकी पश्चिमी बंगाल के जनजातीय समाज के लोगों को जरूरत है, लेकिन

* Not recorded.

पश्चिमी बंगाल सरकार की वजह से वहां की जनजातियों को उनका हक हासिल नहीं हो पा रहा है और उन योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। **...(व्यवधान)...** हमारे जिन भी माननीय सदस्यों ने अपने-अपने प्रदेश की जातियों की बात की, जो अनुसूचित जनजाति में शामिल होना चाहती हैं, उन जातियों के संबंध में आपने अपने विचार यहां पर रखे हैं। मैं आप सबसे यह कहना चाहूंगी कि इस पर राज्यों के प्रस्ताव के आधार पर हमारी सरकार विचार कर रही है और जैसे ही सारी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, हम एक-एक करके उन प्रस्तावों को सदन के माध्यम से पारित करेंगे। यहां पर बहुत सारे विषय आए तथा बहुत कम समय में कई सदस्यों ने अपनी बातों को रखा। मैं सबसे पहले तो यह कहना चाहूंगी कि किसी भी जाति के विकास के लिए, किसी भी समाज के विकास के लिए और किसी भी देश के विकास के लिए सबसे पहले यह जरूरी होता है कि उन्हें शिक्षा मिले। हमारी सरकार ने tribal क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए 'एकलव्य मॉडल स्कूल' का गठन किया। मैं आपको यह बताना चाहती हूं कि वर्ष 2013-14 के पूर्व इन 'एकलव्य मॉडल स्कूलों' की संख्या लगभग 167 थी और आज मुझे सदन को बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 2021-22 में एकलव्य मॉडल स्कूलों की संख्या 679 है और प्रत्येक स्कूल में 480 बच्चे सीबीएसई कोर्स के माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं। वहां पर छठी से लेकर बारहवीं तक की पढ़ाई होती है। महोदय, उन बच्चों की बहुत इच्छा रहती थी कि हम जिस स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं, उस स्कूल की बिल्डिंग बड़ी हो, वहां playground हो। मुझे सदन को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि पहले हम 'एकलव्य मॉडल स्कूल' की बिल्डिंग 20 करोड़ में बनाया करते थे और अब वहां पर 38-38 करोड़ की एक-एक बिल्डिंग का निर्माण होगा। जिस प्रकार से जवाहर नवोदय विद्यालय के स्कूल रहते हैं और सेन्ट्रल स्कूलों की बिल्डिंग्स रहती हैं, ठीक उसी तर्ज पर हमारे ये स्कूल होंगे। हमारी बहन कह रही थी कि हमारे विभाग का बजट कम हो गया है। मैं बताना चाहती हूं कि हमारा बजट कम नहीं हुआ है। मैं जरूर कहूंगी कि वर्ष 2013-14 में ट्राइबल मंत्रालय का बजट 19,437 करोड़ रुपए था... लेकिन 2022-23 का जो बजट है, उसमें इस मद में 87,585 करोड़ रुपए का प्रावधान है।**...(व्यवधान)...**

DR. SANTANU SEN: Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please let her complete. ...*(Interruptions)*.. No, no; please let her complete. ...*(Interruptions)*.. Please, let her continue.

श्रीमती रेणुका सिंह सरुता : महोदय, ट्राइबल क्षेत्रों के विकास के लिए जो ट्राइबल सब-प्लान है, वह 2013-14 में 21,525 करोड़ रुपए का हुआ करता था, आज इसके लिए 85,930 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान हुआ है।**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : मेरा सभी माननीय सदस्यों से यह आग्रह है कि वे मिनिस्ट्री पर बोलें। मैंने सभी सदस्यों से बार-बार यह आग्रह किया है।**...(व्यवधान)...**

श्रीमती रेणुका सिंह सरुता : महोदय, पूरे देश में जो जनजाति समाज के लोग हैं, जो वन क्षेत्रों में रहते हैं और जिनका जीवन जंगल के ऊपर निर्भर है,...**(व्यवधान)**...

SHRI BINOY VISWAM: Sir, he has raised a point of order. ...*(Interruptions)*..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*..

श्रीमती रेणुका सिंह सरुता : महोदय, मैं 'वन धन विकास केन्द्र' की चर्चा कर रही हूँ। जो भी माननीय सदस्य ट्राइबल क्षेत्र में रहते हैं, जहाँ पर आदिवासी समाज के लोग रहते हैं, जिनका जीवन जंगल पर आधारित है, मैं ऐसे माननीय सदस्यों को यह बताना चाहती हूँ कि 2019 के लोक सभा चुनाव के समय हमारी पार्टी ने कहा था कि हम पूरे देश भर में 50,000 'वन धन विकास केन्द्र' खोलेंगे। आज 36,000 से भी ज्यादा 'वन धन विकास केन्द्र' खुल चुके हैं। कोरोना के कारण दो साल हमारा काम जरूर प्रभावित हुआ, लेकिन आज 2022 में 36,000 से भी ज्यादा 'वन धन विकास केन्द्र' खुल चुके हैं और कई लाख ट्राइबल्स को इनका लाभ मिल चुका है। एक-एक 'वन धन विकास केन्द्र' में तीन-तीन सौ लोगों की संख्या होती है। उसमें 60 प्रतिशत ट्राइबल्स रहते हैं और 40 प्रतिशत अदर समाज के लोग रहते हैं। उनके आस-पास जो भी वन उपज मिलती है, उन वन उपजों को संग्रह करके, उनके मूल्य संवर्द्धन के लिए उनको ट्रेनिंग दी जाती है। उनके लिए एक बिल्डिंग का भी निर्माण किया जाता है। वे जिन सामानों का निर्माण करते हैं, उनकी अच्छी पैकेजिंग होती है, उनकी launching होती है और उनके लिए मार्केट की व्यवस्था की जाती है। जो ट्राइबल कभी मजदूर हुआ करते थे, आज हमारी सरकार की यह मंशा है, माननीय प्रधान मंत्री जी की मंशा है कि हम उन मजदूरों को मालिक बनाएँगे और उन्हें मालिक बनाने के लिए ट्राइबल मंत्रालय माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में, उनके मार्गदर्शन में 'वन धन विकास केन्द्रों' के माध्यम से काम कर रहा है।

श्री उपसभापति : माननीय मंत्री महोदया, कृपया आप conclude कीजिए।

श्रीमती रेणुका सिंह सरुता : महोदय, हम उनके विकास की चिंता कर रहे हैं, अभी-अभी इस बजट में हमारी सरकार ट्राइबल क्षेत्रों के विकास के लिए 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' लायी है, उसके लिए बजटीय प्रावधान हुआ है। हमने इसके तहत ऐसे गाँवों को चुना है, जहाँ की ट्राइबल जनसंख्या 50 प्रतिशत से ऊपर है। हमारे मंत्रालय ने ऐसे गाँवों के संदर्भ में सर्वे किया, तो यह पता चला कि पूरे देश भर में लगभग 1,47,000 ऐसे गाँव हैं, जहाँ की ट्राइबल जनसंख्या 50 प्रतिशत से ऊपर है। हमने उनमें से 36,000 गाँवों को इस वर्ष इसके अंतर्गत लिया है। उन ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत विकास के लिए काम किया जाएगा। राज्य सरकार भी उसमें कुछ काम करेगी और जहाँ-जहाँ पर गैप रह जाएगा, उस gap filling के लिए भारत सरकार 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' के माध्यम से काम करेगी।

महोदय, आज त्रिपुरा से संबंधित इस विधेयक पर राज्य सभा के अनुभवी माननीय सांसदों ने अपनी बात रखी है। मैं प्रस्ताव करती हूँ कि इस विधेयक को पारित कर दिया जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill further to amend the Constitution (Scheduled Tribes) Order, 1950, for inclusion of certain community in the list of Scheduled Tribes in relation to the State of Tripura, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration".

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clause 2 was added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका सिंह सरुता) : महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूँ :

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Criminal Procedure (Identification) Bill, 2022. Shri Amit Shah to move a motion for consideration of the Criminal Procedure (Identification) Bill, 2022. माननीय अमित शाह।

The Criminal Procedure (Identification) Bill, 2022

&

Amendments for reference of the Criminal Procedure (Identification) Bill, 2022 to a Select Committee

गृह मंत्री ; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ :

"कि दांडिक मामलों में शनाख्त और अन्वेषण के प्रयोजनों के लिए सिद्धदोष और अन्य व्यक्तियों का माप लेने को प्राधिकृत करने और अभिलेखों का परिरक्षण करने और उससे